# वित्त वर्ष 2020 -21 की उपलब्धियों पर बैंक अध्यक्ष का सन्देश



प्रिय साथियों,

जैसा कि आप सभी जानते हैं बैंक के गत वित्तीय वर्ष (2020-21) के वित्तीय परिणाम घोषित किये जा चुके हैं, अतः मैं आप सभी से हमारे बैंक की performance की महत्वपूर्ण उपलब्धिया साझा करना चाहता करता हूँ | पिछला साल बैंकिंग व्यवसाय के लिए चुनौतीपूर्ण रहा उसके उपरान्त भी मुझे हर्ष है कि हमारा बैंक जमा वृद्धि एवं ऋण वितरण के लक्ष्यों को प्राप्त करके लाभप्रदता में वृद्धि करने में सक्षम रहा है |

मैं, हमारी बैंक के सभी कार्मिकों मुख्यतः शाखाओं में कार्यरत कार्मिकों के प्रयासों की सरहाना करते हुए उनकी प्रशंसा करना चाहूंगा कि इतनी विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हमारे बैंक के ध्येय वाक्य **"ग्रामीण विकास का आधार"** को चरितार्थ करते हुए अभूतपूर्व साहस एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है | गत वित्तीय वर्ष सभी के लिये व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक स्तर पर चुनौती पूर्ण रहा है | इस वैश्विक महामारी के समय में भी दृढ निश्चय से सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए बैंक के निदेशक मंडल द्वारा हमारी बैंक के कार्मिकों का एवं केंद्र एवं राज्य सरकार ने सम्पूर्ण बैंकिंग क्षेत्र के कार्मिकों की प्रशंसा की है |

दुर्भाग्यवश हमने इस महामारी में हमारे कुछ साथियों को खो दिया है, अपने इन साथियों को याद करते हुए हम सभी इन्हें सादर नमन करते हैं | इन साथियों के परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों के साथ मेरी गहरी संवेदना है | राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक इन सभी के योगदान को कभी विस्मृत नहीं करेगा |

वित्तीय वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही बैंकिंग क्षेत्र के लिए अनुत्पादक थी उसके उपरान्त भी हमारी बैंक का परिचालनात्मक लाभ गत वर्ष से 170.89 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 203.91 करोड़ रुपये रहा है | बैंक ने गत वर्ष के 4.61 करोड़ की तुलना में 44.91 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है | बैंक द्वारा Pension एवं Wage Revision के लिए पर्याप्त प्रावधान कर लिए थे, उसके उपरांत 44.91 करोड़ का शुद्ध लाभ अभूतपूर्व है |

मेरा यह दृढ विश्वास है कि, वैश्विक महामारी के प्रकोप के उपरान्त भी इस प्रकार के उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त करने का श्रेय टीम आरएमजीबी को जाता है | प्रधान कार्यालय स्तर से बैंक का उच्च प्रबंधक सफलता के लिए दिशा दिखा सकता है

परन्तु इस उच्च स्तरीय सफलता के शिल्पकार हमारी शाखाओ में कार्यरत हमारे बैंक परिवार के सदस्य ही है, जिन्होंने अपने प्रयासो से सभी अनुमानों से परे जाकर परिणाम दिए हैं |

पिछले वित्तीय वर्ष के नाबार्ड अंकेक्षण में हमारे बैंक को "A" rating प्राप्त हुई है | यह rating परिचायक है कि हमारा बैंक व्यवसाय विकास की उपलब्धियों को प्राप्त करने के प्रयासों के साथ regulatory compliance में भी अग्रणी रहा है | हमने वर्ष भर उच्च गुणवत्ता का कार्य किया है |

माह अगस्त 2020 में, प्रायोजक बैंक द्वारा अपने सभी ग्रामीण बैंको की performance को मॉनिटर करने के लिए MD रैंकिंग की शुरुआत की गयी | यह रैंकिंग इस प्रकार से बने गई है कि यदि इस रैंकिंग में कोई बैंक ऊपर रहने का प्रयास करता है तो वह निश्चित ही लाभप्रद स्थिति में होगा और लगभग सभी क्षेत्रों में अच्छे परिणाम दे रहा होगा | SBI द्वारा प्रायोजित सभी बैंकों ने इस रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए पूरे जोर शोर से प्रयास प्रारम्भ कर दिए थे | शुरुआत में हमारी बैंक सांतवे स्थान पर ही सीमित थी, किन्तु जैसा की मैंने हर बार कहा है कि "आरएमजीबी की टीम को प्रथम स्थान से कम अन्य किसी भी उपलब्धि से संतोष नहीं है"| मुझे आप सभी को बताते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि मार्च 2021 में हमारी बैंक MD ranking में प्रथम स्थान पर रही है | इस उपलब्धि के लिए SBI के मुख्य महाप्रबंधक महोदय ने अर्द्धशासकीय पत्र लिख कर RMGB टीम की सराहना की है |

बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में जमाओं में 12.63% एवं ऋण वितरण में 13.09% की वृद्धि दर्ज की है | हमने गत वर्ष की तुलना में NII (Net Interest Income) में 24.79% की वृद्धि की है, CASA जमाओ में वृद्धि जिसका प्रमुख कारण है | हमारी बैंक का CASA प्रतिशत 50.05% से बढ़कर 52.55% हो गया है |

हमने अपने ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में लगातार सुधार किया है | योजनाबद्ध प्रयासों से हम सकल एनपीए को 5.23% एवं शुद्ध एनपीए को 2.53% तक नियंत्रित रखने में सफल रहे हैं, जिसका श्रेय भी आप सभी जाता हैं| हमने PCR (Provision Coverage Ratio) को भी 52.61 प्रतिशत तक सुदृढ़ किया है, जो कि बैंक के मजबूत आधार का परिचायक है | इस वर्ष हमारी बैंक का RoE (Return on Equity) 6.17% रहा है जो कि गत वित्त वर्ष 0.01 प्रतिशत था | हमारी बैंक के पूँजी पर्याप्तता अनुपात में भी वृद्धि दर्ज़ की गई है जो कि 9.82 प्रतिशत रहा है | हमने अपने cost to income/expenses ratio को नियंत्रित करने में सफलता अर्जित की है, और यह गत वर्ष के 58.44% की तुलना में इस वर्ष 46.45% तक आ गया है |

उपरोक्त परिणामों से हम प्रसन्न हो सकते हैं पर हमें अभी संतुष्ट नहीं होना है क्योंकि मेरा मत है कि राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक की टीम में इससे कही अधिक उचाइयां प्राप्त करने का दम है | उदाहरणतया हमारी बैंक का CD Ratio 65.55% रहा है जो कि अन्य बैंकों की तुलना में कम है| इसके साथ ही हमें CASA जमाओं में भी अधिक वृद्धि करने की आवश्यकता है | इनके साथ ही SME क्षेत्र में ऋण वितरण में भी वृद्धि की आवश्यकता है | हमें गैर ब्याज आय में भी वृद्धि करनी है | हमारे बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण कुल ऋण का 89% रहा है, हमें इस क्षेत्र में अग्रणी बैंक भी बने रहना है |

हमारे बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में उत्तम परिणाम दिए हैं | ये सकारात्मक परिणाम निश्चित ही बैंक के कार्मिकों, ग्राहकों नियामक संस्थाओं की उम्मीदों में वृद्धि करेंगे कि हम भविष्य में और भी अधिक बेहतर परिणाम प्रस्तुत करें | हम सभी को एक टीम की तरह, सकारात्मक ऊर्जा के साथ, पूरी एकजुटता से कार्य करना है | हमें अधिक से अधिक चालू खाते खोलने हैं, जिससे हमारी बैंक का cost of funds कम हो सके | हमें SME क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले ऋण वितरित करने है साथ ही अधिक से अधिक डिजिटल बैंकिंग माध्यमों का प्रचार करना है | हमें बैंक के ऋण की गुणवत्ता बनाए रखनी है ताकि वर्षांत में हमें अपने परिचालनात्मक लाभ से NPA के सापेक्ष प्रावधान नहीं करने पड़े, जिससे हमारे बैंक के शुद्ध लाभ पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े |

उपरोक्त सभी लक्ष्य तभी प्राप्त किये जा सकते है जब हमारी प्रत्येक कार्ययोजना के केंद्र में हमारे सम्मानित ग्राहक हों | अब हमें केवल ग्राहक सेवा (customer service) तक सीमित नहीं रहते हुए ग्राहक संतुष्टि (customer delight) के स्तर को प्राप्त करना होगा | हमें यह सोचना होगा कि ग्राहक की संतुष्टि केवल शाखाओ की ही नहीं अपितु सभी प्रशासनिक कार्यालयों की भी जिम्मेदारी है |

हमारी बैंक ने व्यवसाय विकास के साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को भी भली प्रकार निभाया है | अपने ग्राहक मूल्य संवर्धन के उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए हमने अपने ग्राहकों को जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा एवं अन्य बीमा उत्पाद उपलब्ध करवाए है | हमारे वे ग्राहक जो दुर्भाग्यवश इस महामारी के कारण या अन्य किसी कारण से अपने परिजनों से बिछड़ गए उनके परिवारों के भविष्य को सबल बनाने में इन बीमा सेवाओं की महती भूमिका रही है | हमने ऋण रक्षा योजना के माध्यम से बैंक के ऋण को सुरक्षित करने के साथ ही ग्राहकों के आश्रित परिजनों को भी अवांछित भार से भी सुरक्षित किया है | आप लोगों के द्वारा ग्राहकों का सर्वाधिक स्वास्थ्य बीमा किया गया था जो इस महामारी में उनके परिवार को आर्थिक संबल दे सका|

सूचना एवं प्रौद्योगिकी service sector का आधार है, अतः बैंक ने IT एवं Digital Banking के क्षेत्र में अनेक नवाचार किये हैं| डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग बैंक एवं ग्राहक दोनों के लिए सुगम है | इस माध्यम से transaction cost भी कम आती है एवं शाखाओं में footfall भी कम होता है | इसके अतिरिक्त बैंक की स्टेशनरी का व्यय भी कम होता है, और कागज़ का उपयोग कम कर हम पर्यावरण को बेहरत बनाने में भी सहयोग देते हैं | अतः हमें ग्राहकों को अधिक से अधिक डिजिटल माध्यमों से जोड़ना है |

व्यवसाय वृद्धि, ग्राहक सेवा, ज्ञानार्जन के साथ ही जोखिम एवं अनुपालना पर भी प्रत्येक कार्मिक को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है | इसी प्रकार बैंक के प्रत्येक कार्मिक को बैंक के सभी उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है जिससे हम ग्राहक की वित्तीय आवश्यकताओं को भली प्रकार समझ सकें एवं उन्हें पूरा कर सकें|

मैं राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के विकास एवं व्यवसाय वृद्धि में आप सभी के सहयोग की कामना करता हूँ |

आप सभी स्वस्थ रहे, सुरक्षित रहे, सकारात्मक मानसिकता बनाये रखें एवं उसका प्रचार-प्रसार करते रहें |

भवनिष्ठ

ज्ञानेंद्र कुमार जैन

29-05-2021